INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC TEST-III (2023-24)
SUBJECT-HINDI (COURSE-B)
SUBJECT CODE-085
SET-I

No. of printed pages:02

CLASS : IX **MAX. MARKS : 20**
DATE : 10/01/2024 **TIME: 40 MINUTES**

सामान्य निर्देश:
इस प्रश्न-पत्र में कुल 5 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड 'ब'।
प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

खंड 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x3=3)

बिहार और उत्तर प्रदेश के हज़ारों मील लंबे मैदान गंगा, यमुना और दूसरी नदियों के परम उपकारी, सोने की कीमत वाले 'गाद' के बने हैं। आप सौ-सौ कोस चल लीजिए रास्ते में सुपारी फोड़ने लायक एक पत्थर भी कहीं मिलेगा नहीं। इसी तरह महादेव के संपर्क में आने वाले किसी को भी ठेस या ठोकर की बात तो दूर रही, खुरदरी मिट्टी या कंकरी भी कभी चुभती नहीं थी। उनकी निर्मल प्रतिभा उनके संपर्क में आने वाले व्यक्ति को चंद्र-शुक्र की प्रभा के साथ दूधों नहला देती थी। उसमें सराबोर होने वाले के मन में उनकी इस मोहिनी का नशा कई-कई दिनों तक उतरता न था।

(i) 'नदियों किनारे मिट्टी उपजाऊ होती है।' वाक्य का संबंध किस विकल्प से है ?
(क) रास्ते में सुपारी फोड़ने लायक एक पत्थर भी कहीं मिलेगा नहीं।
(ख) मैदान सोने की कीमत वाले 'गाद' के बने हैं।
(ग) बिहार और उत्तर प्रदेश में गंगा, यमुना और दूसरी अनेक नदियाँ हैं।
(घ) बिहार और उत्तर प्रदेश के हज़ारों मील लंबे मैदान हैं।

(ii) महादेव देसाई के विनम्र व्यवहार और सौम्य स्वभाव का लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता था ?
(क) गांधी जी को चंद्र-शुक्र की प्रभा के साथ दूधों नहला देती थी।
(ख) लोगों द्वारा महादेव देसाई को चंद्र-शुक्र की प्रभा के साथ दूधों नहला देती थी।
(ग) लोग उनसे प्रभावित होते थे और उन्हें बहुत दिनों तक याद रखते थे।
(घ) उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं।

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए —
कथन (A) – बिहार और उत्तर प्रदेश में मैदानी क्षेत्र अनुपजाऊ हैं।
कारण (R) – बिहार और उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र सोने की कीमत वाले 'गाद' के बने हैं।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न-2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए – (1x3=3)

(i) 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता में गंदे मुहल्लों के लोग क्या बनाते हैं ?

(क) मुहल्लों की मशहूर अगरबत्तियाँ
(ख) मुल्क की मशहूर अगरबत्तियाँ
(ग) मुश्क की मशहूर मोमबत्तियाँ
(घ) मुल्क की मशहूर मोमबत्तियाँ

(ii) अगरबत्तियाँ बनाते समय किन सुगंधों का प्रयोग किया जाता है ?

(क) गुलाब, केवड़ा, रातरानी, कस्तूरी
(ख) केवड़ा, गुलाब, मोगरा, रातरानी
(ग) केवड़ा, गुलाब, खस, मोगरा
(घ) गुलाब, केवड़ा, खस, रातरानी

(iii) 'पीपल के पत्ते-से नए-नए हाथ' किनके माने जा सकते हैं ?

(क) बच्चों के
(ख) महिलाओं के
(ग) 'क' और 'ख' दोनों विकल्प
(घ) युवकों के

प्रश्न-3. निर्देशानुसार बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर लिखिए – (1x4=4)

(i) 'सदाचार' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?

(क) सत्
(ख) सत
(ग) स
(घ) सदा

(ii) 'पराक्रम' शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द के लिए उपयुक्त विकल्प क्या होगा ?

(क) पर और क्रम
(ख) परा और कर्म
(ग) परा और क्रम
(घ) पर् और क्रम

(iii) 'प्रत्यारोपण' शब्द का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(क) प्रति + आरोपण
(ख) प्रत्य + आरोपण
(ग) प्रत्या+ रोपण
(घ) प्रति + रोपण

(iv) 'परम+आणविक' का संधि युक्त शब्द होगा –

(क) परमोणविक
(ख) परमुणविक
(ग) परमाणविक
(घ) परमौणविक

खंड 'ब'(वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न-4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3x2=6)

(i) 'शुक्रतारे के समान' पाठ में शुक्रतारे के समान किसे माना गया है और क्यों माना गया है ?

(ii) 'शुक्रतारे के समान' पाठ में लेखक स्वामी आनंद जी से संबंधित किन-किन बातों का उल्लेख किया गया है ?

(iii) 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

प्रश्न-5. रेलगाड़ी में यात्रा कर रहे दो यात्रियों के बीच हुए वार्तालाप को संवाद के रूप में लगभग 80 शब्दों में लिखिए। (4)

अथवा

दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और चित्र का वर्णन लगभग 80 शब्दों में कीजिए।